आकाशवाणी चंडीगढ

10 नवम्बर 2025, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

1. गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पाँच वर्षों के भीतर दो लाख से अधिक आबादी वाले प्रत्येक कस्बे में सहकारी बैंक स्थापित करने पर बल दिया।

2. हरियाणा और जम्मू कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद के अल फला यूनिवर्सिटी में कार्यरत कश्मीरी डॉक्टर को गिरफ्तार किया। डॉक्टर के घर से बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया।

3. हरियाणा राजस्व विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमित मिश्रा ने सेक्टर 17 स्थित नए सचिवालय में आई टी सेल का उद्घाटन किया।

4. हरियाणा में विधायी प्रशिक्षण के लिए विशेष विंग स्थापित किया जाएगा।

5. कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 36वीं अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता शुरू हुई। पहले मैच में हरियाणा ने पंजाब को 37 अंकों से हराया।

6. हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने एच टेट परीक्षा का परिणाम घोषित किया।

*******************************************************************

गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि शहरी सहकारी बैंकों को महत्वाकांक्षी युवाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए आगे आना चाहिए।

आज नई दिल्ली में शहरी सहकारी ऋण क्षेत्र पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-सहकारी कुंभ 2025 का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने यह बात कही। श्री शाह ने कहा कि पांच वर्षों के भीतर दो लाख से अधिक आबादी वाले प्रत्येक कस्बे में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने का लक्ष्य होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना युवा पीढ़ी को सहकारिता से जोड़ने और सहकारी क्षेत्र के लिए पेशेवर तैयार करने के उद्देश्य से की गई है।

हमने त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी बनाई है, जो नए प्रोफेशनल्स तैयार करेगी, जो कोऑपरेटिव सेक्टर की हर प्रकार की जरूरतों को पूरा करेगी। तो एक जनरेशन पूरी अमृत पीढ़ी की जो 2047 तक हमारे कॉपरेटिव सेक्टर को आगे ले जाएगी उसको तैयार करने का हमने लक्ष्य रखा है।

इस अवसर पर, श्री शाह ने अमूल और इफको को अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन की विश्व रैंकिंग में शीर्ष दो स्थान हासिल करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इफको 93 लाख टन यूरिया और डीएपी का उत्पादन करके देश की हरित क्रांति का एक स्तंभ बन गया है।

*******************************************************************

फरीदाबाद और जम्मू कश्मीर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में फरीदाबाद के अल फला यूनिवर्सिटी में कार्यरत एक कश्मीरी डॉक्टर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि फरीदाबाद के धौज में कश्मीरी डॉक्टर के घर से बड़ी मात्रा में विस्फोटक, जिंदा कारतूस, मैगजीन, टाइमर और सर्किट डिवाइस बरामद किए गए हैं।उन्होंने बताया-

उन्होंने कहा कि फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम को बरामद सामग्री की जांच के लिए बुलाया गया है ।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह नेटवर्क अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय था और कई संदिग्धों की पहचान की जा चुकी है। पीछे 15 दिनों से चल रहा संयुक्त ऑपरेशन अभी जारी है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई में एक और व्यक्ति को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से काबू किया गया है।

*********************************************************************

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने आज फरीदाबाद के सेक्टर-14 स्थित मुख्य द्वार का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने सेक्टर-86, साईं परिसर और ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र में सीवर, टाइल्स एवं सड़क निर्माण से संबंधित परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इन विकास कार्यों पर लगभग 1 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत आएगी।

इस अवसर पर श्री गोयल ने कहा –

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र में स्वच्छता एवं आवागमन व्यवस्था और मजबूत होगी।

*********************************************************************

हरियाणा राजस्व विभाग की वित्त आयुक्त राजस्व डॉ. सुमिता मिश्रा ने आज चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित नए सचिवालय भवन में एक नए सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ -आईटी सेल का उद्घाटन किया।

डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि 35 आई टी कर्मियों को समायोजित करने की क्षमता वाला यह केंद्र आंतरिक सॉफ्टवेयर समाधान विकसित करने राजस्व सेवाओं के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करेगा।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि यह आईटी सेल अंतिम समय में आने वाली समस्याओं को दूर करके और आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करके राज्य भर में रजिस्ट्री के सुचारू और कागज़ रहित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बैक एंड सपोर्ट के रूप में भी काम करेगा।

उन्होंने बताया कि यह वेब हेल्थ, जमाबंदी, ई-भूमि और ई-क्षतिपूर्ति सहित विभिन्न सरकारी पोर्टलों पर निर्बाध राजस्व सेवाओं की निगरानी की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी संभालेगा।

*********************************************************************

पंचकूला जिले में भानु स्थित भारत तिब्बत पुलिस बल के प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र में आज कांस्टेबल जनरल ड्यूटी महिला एवं पुरुष के 491 वें बैच के 228 प्रशिक्षार्थी शपथ ग्रहण कर बल में शामिल हुए। जिनमें 198 पुरुष कांस्टेबल एवं 30 महिला कांस्टेबल हैं।

दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता मुख्य अतिथि पश्चिमी कमान चंडीगढ़ के कार्यवाहक अपर महानिदेशक संजय गुंज्याल ने की। इस अवसर पर बल के महानिरीक्षक अशोक नेगी भी मौजूद रहे तथा मुख्य अतिथि के साथ परेड की सलामी ली। पासिंग-आउट परेड के दौरान सी.सैक, ओ.एम.डी., क्राव मागा, तथा आई.टी.बी.पी. की जॉबाज एवं योग टीमों ने भावविभोर एवं रोमॉचकारी प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि संजय गुंज्याल ने नव-दीक्षितों को बधाई देते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त व्यावसायिक ज्ञान, अनुशासन और समर्पण उन्हें भविष्य की चुनौतियों से जूझने की शक्ति प्रदान करेगा।

उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र के उप महानिरीक्षक ब्रिगेडियर एच.एस. गोराया ने भी नव-दीक्षितों को संबोधित किया और प्रशिक्षार्थियों से बल की गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखने का आह्वान किया।

*******************************************************************

हरियाणा विधान सभा परिसर में आज अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण योजना का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक मनोज यादव ने प्रशिक्षण योजना का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। योजना को सिरे चढ़ाने के लिए हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान नोडल एजेंसी रहेगी, जो कि विधायी प्रशिक्षण के लिए विशेष विंग स्थापित करेगा।

विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि प्रशिक्षण की यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत ' के विजन से जुड़ी एक ठोस योजना है, जिससे संस्थागत कार्य संस्कृति में दक्षता और गतिशीलता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक विधान' के सपने को पूरा करने के लिए हर कारगर प्रयास किए जाएंगे।

*********************************************************************

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आज भारतीय डाक विभाग के हरियाणा परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल सचिन किशोर ने 36 वीं अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हर परिमंडल में अलग अलग खेल के मुकाबले करवाए जा रहे हैं। कबड्डी को लेकर उन्होंने कहा कि इस खेल में हमेशा देश के खिलाड़ियों का दबदबा रहा है।

*********************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने आज  सुबह हरियाणा पात्रता परीक्षा टीचर- एचटेट का परीक्षा परिणाम जारी किया।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि इस बार परीक्षा देने वाले करीब 3 लाख 31 हजार परीक्षार्थियों में 47 हजार परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

*********************************************************************